NEWS COVERAGE OF ESSAY WRITING COMPETITION

निबंध लेखन में प्रियंका रही प्रथम, रितु द्वितीय

हिसार/05 जून/रिपोर्टर

दयानन्द महाविद्यालय में जनसंचार विभाग द्वारा पर्यावरण और पत्रकारिता विषय पर ऑनलाईन निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बीएससी द्वितीय वष से प्रियंका ने पहला, बीएएमसी द्वितीय वर्ष से रितु सांगवान ने दूसरा तथा बीए द्वितीय वर्ष से सुशील कुमार और बीएससी द्वितीय वर्ष (बायोटैक) से शिखा कपूर ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका अंग्रेजी विभाग के शिक्षक मधुर वेदांत व जनसंचार विभाग के शिक्षक नरेन्द्र सोनी, अमनदीप व रोहताश ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि हर वर्ष पूरे विश्व में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और सृजनात्मकता को बढ़ावा मिलता है जिससे व्यक्तित्व का विकास बेहतर होता है। विद्यार्थियों को परिणाम से कभी भी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि अपने प्रदर्शन को सुधारने पर जोर देना चाहिए। पृथ्वी पर मानव का जीवन प्रकृति के साथ मित्रता करने के बाद ही सरल व सुलभ हो सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि इस दिवस पर सभी पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लें और अपने घरों में भी औषधीय पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। जनसंचार विभाग के इन्चार्ज सुरेश कुमार ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण यह प्रतियोगिता ऑनलाईन आयोजित की गई परन्तु फिर भी विद्यार्थियों का जोश देखने लायक था। लगभग 80 बच्चों ने निबन्ध लिखकर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

दलाल, डॉ. विवेक गुप्ता, डॉ. डेविड उपस्थित रहे।

निबंध लेखन में प्रियंका बनीं विजेता : दयानंद महाविद्यालय में जनसंचार विभाग ने पर्यावरण और पत्रकारिता विषय पर ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित कराई। निर्णायक मंडल की भूमिका अंग्रेजी शिक्षक मधुर वेदांत व जनसंचार के शिक्षक नरेंद्र सोनी, अमनदीप व रोहताश ने निभाई। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका ने पहला स्थान हासिल किया। बीएएमसी द्वितीय वर्ष से रितु सांगवान ने दूसरा, बीए द्वितीय वर्ष से सुशील कुमार और बीएससी द्वितीय वर्ष (बायोटेक) की शिखा कपूर ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। जनसंचार विभाग के प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि 80 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

डीएन कालेज में पर्यावरण एवं पत्रकारिता विषय पर ऑनलाईन निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 5 जून : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में जनसंचार विभाग द्वारा पर्यावरण और पत्रकारिता विषय पर ऑनलाईन निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ऑनलाईन निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में बी.एस.सी. द्वितीय वष से प्रियंका ने पहला, बी.ए.एम.सी. द्वितीय वर्ष से रित सांगवान ने दूसरा तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष से सुशील कुमार और बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष (बायोटेक) से शिखा कपूर ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका अंग्रेजी विभाग के शिक्षक मधुर वेदांत व जनसंचार विभाग के शिक्षक नरेन्द्र सोनी, अमनदीप व रोहताश ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि हर वर्ष पूरे विश्व में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और सृजनात्मकता को बढ़ावा मिलात हे जिससे व्यक्तित्व का विकास बेहतर होता है। विद्यार्थियों को परिणाम से कभी भी निराश होना चाहिए बल्कि अपने प्रदर्शन को सुधारने पर जोर देना चाहिए। पृथ्वी पर मानव का जीवन प्रकृति के साथ मित्रता करने के बाद ही सरल व सुलभ हो सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि इस दिवस पर सभी पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लें और अपने घरों में भी औषधीय पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। जनसंचार विभाग के इन्चार्ज श्री सुरेश कुमार ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण यह प्रतियोगिता ऑनलाईन आयोजित की गई परन्तु फ़िर भी विद्यार्थियों का जोश देखने लायक था। लगभग 80 बच्चों ने निबन्ध लिखकर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने पत्रकारिता और पर्यावरण के हर पहलू पर चर्चा की। इस कार्यक्रम की सफ्लता का श्रेय सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों की अथक मेहनत को जाता है।